# आंतकवाद के खिलाफ भारत आस्ट्रेलिया एक साथ : सिंह

**नयी दिल्ली 09 अक्टूबर. भारत और आस्ट्रेलिया ने स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाने के महत्व को दोहराते हुए क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप नौवहन की स्वतंत्रता और निर्बाध व्यापार के प्रति वचनबद्धता व्यक्त की है.**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरूवार को आस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में आस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ पहले आस्ट्रेलिया-भारत रक्षा मंत्री संवाद के दौरान इस बारे में व्यापक चर्चा की. दोनों मंत्रियों की वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है, मंत्रियों ने एक स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने में मदद के लिए क्षेत्रीय भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाने के महत्व पर ज़ोर दिया. मंत्रियों ने नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता, क्षेत्र में निर्बाध व्यापार, और अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेष रूप से 1982 के संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन के अनुरूप समुद्र के अन्य वैध उपयोगों के लिए अपने दृढ़ समर्थन पर ज़ोर दिया. रक्षा मंत्री सिंह ने भी बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने सीमा पार आतंकवाद और साझा क्षेत्रीय स्थिरता पर ऑस्ट्रेलिया के दृढ़ समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया



### भारत, ऑस्ट्रेलिया ने प्रमुख रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किये

**सिडनी.** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा उद्योग, साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय रणनीतिक सहयोग को मज़बूत करने के लिए गुरुवार को कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच यह सहमति बनी. सिंह ने कैनबरा के संसद भवन में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़, मार्लेस और दोनों पक्षों के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की.

# प्रलय के शिल्पी लास्लो को साहित्य का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम, 09 अक्टूबर. स्वीडिश अकादमी ने गुरुवार को हंगरी के उपन्यासकार और पटकथा लेखक लास्लो क्रास्नाहोरकाइ को वर्ष 2025 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार देने के घोषणा की है. स्वीडिश अकादमी ने उनके नाम की घोषणा करते हुए बताया कि उन्हें यह पुरस्कार प्रलयकारी आतंक के बीच कला की शक्ति की पुनः पुष्टि करने वाली प्रभावशाली और दूरदर्शी रचनाओं के लिए दिया जा रहा है.**

क्रास्नाहोरकाई समकालीन यूरोपीय साहित्य के उन लेखकों में गिने जाते हैं जिन्होंने यथार्थ, दार्शनिकता और मानव अस्तित्व की विसंगतियों को एक साथ पिरोकर अपनी विशिष्ट साहित्यिक शैली विकसित की है. वह विनाश की कहानियों में अस्तित्ववाद के साथ कल्पना को इस तरह मिश्रित कर देते हैं कि एक विचित्र एवं बेतुकी दुनिया पाठकों के सामने ख?ी हो जाती है, जो उन्हें झकझोर कर रख देती हैं. उनकी यह विचित्र दुनिया इतनी प्रभावशाली होती है कि अपने समस्त बेतुकेपन के बावजूद लंबे समय तक पाठक के साथ चलती रहती हैं.




उनकी इसी विशिष्ट शैली के कारण मशहूर अमेरिकी आलोचक सुजैन सोनटेग ने उन्हें का शिल्पी कहा था. वह अपनी रचनात्मक दुनिया में फ्रांज काफ्का से लेकर थॉमस बर्नहार्ड तक की विरासत को इतनी खूबसूरती से सहेजते नजर आते हैं कि वह एक साथ उनके वंशज और मित्र दोनों लगने लगते हैं. लास्लो क्रास्नाहोरकाई का जन्म 1954 में दक्षिण-पूर्वी हंगरी के छोटे से शहर ग्युला में हुआ था.

# गुजरात बन रहा भारत का लॉजिस्टिक्स हब

- भारत की पहली बुलेट ट्रेन अगस्त 2027 में दौड़ेगी
- औद्योगिक और रेलवे विकास में गुजरात अग्रणी

**भोपाल,09 अक्टूबर. केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मेहसाणा में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में कहा कि गुजरात, भारत की विकास यात्रा का प्रमुख स्तंभ बन चुका है. राज्य सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और लॉजिस्टिक्स का उभरता हुआ केंद्र बनकर वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को गति दे रहा है.**

उन्होंने बताया कि गुजरात में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में 1.25 लाख करोड़ का निवेश हुआ है. ढोलेरा में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, सानंद में माइक्रॉन जैसी परियोजनाएँ स्थापित हैं तथा लगभग 30 जापानी कंपनियाँ भी अपने संयंत्र लगा रही हैं. सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के अंतर्गत 1.15 लाख करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं. गुजरात में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और लॉजिस्टिक्स का हब बनकर भारत राष्ट्र निर्माण विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रसर हो रहा है.



स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में गुजरात अग्रणी है खवाड़ा में विश्व की सबसे बड़ी ग्रीन एनर्जी परियोजना कार्यरत है. रेलवे क्षेत्र में ?1.46 लाख करोड़ का निवेश जारी है और अगस्त 2027 में देश की पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी. गुजरात में 87 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण और 332 फ्लाईओवर-अंडरपास का निर्माण चल रहा है. वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने हेतु उद्योग, शिक्षा और प्रौद्योगिकी को एकजुट होकर कार्य करना होगा. सम्मेलन में 400 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन हेतु वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया.

# मुख्य न्यायाधीश पर हमला दलितों को डराने की साजिश : केजरीवाल

**नयी दिल्ली, 09 अक्टूबर.आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई के ऊपर कोई वस्तु फेंकने और उसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर दी जा रही धमकियों के पीछे दलितों तथा पूरी न्यायपालिका को दबाने एवं डराने की साज़िश करार दिया है.**

केजरीवाल ने गुरुवार को एक्स पर एक वीडियो जारी कर कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर कोई वस्तु फेंकने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है. इसके बाद सोशल मीडिया पर मुख्य न्यायाधीश को मारने-पीटने और विभिन्न तरह की हिंसा की धमकियां दी जाने लगी. उनका अपमान भी किया गया. प्रशासन ने नो उस व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई की और न ही धमकियां देने और अपमान करने वालों के खिलाफ कोई कदम उठाया. ऐसा लगा कि जैसे यह सब एक सुनियोजित षड्यंत्र है. उन्होंने कहा कि घटनाक्रम के जरिए इन लोगों ने दलित समाज और न्यायपालिका को कड़ा संदेश देने की कोशिश की है.



**सुप्रीम कोर्ट में जूता कांड**

# राकेश किशोर की सदस्यता गई

**नईदिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को उस समय हंगामा मच गया जब वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश किशोर ने अदालत की कार्यवाही के दौरान मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई की ओर जूता उछाल दिया. इस गंभीर घटना को न्यायपालिका पर हमला मानते हुए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने गुरुवार को किशोर की अस्थायी सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी. वहीं, बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने भी बुधवार को कार्रवाई करते हुए उनकी सदस्यता रद्द की और कारण बताओ नोटिस जारी किया. 71 वर्षीय किशोर ने अपने कृत्य पर कोई पछतावा न जताते हुए दावा किया कि उन्हें दैवीय प्रेरणा से ऐसा करने को कहा गया था.

# गाजा शांति योजना के पहले चरण पर हस्ताक्षर

**वाशिंगटन, 09 अक्टूबर. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि इज़रायल और हमास दोनों ने गाजा शांति योजना के पहले चरण पर हस्ताक्षर कर दिए हैं. ट्रम्प ने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, इसका मतलब है कि सभी बंधकों को बहुत जल्द रिहा कर दिया जाएगा और इज़रायल अपने सैनिकों को एक निश्चित सीमा पर वापस बुलाएगा, जो एक मजबूत, स्थायी और शाश्वत शांति की दिशा में पहला कदम होगा. उन्होंने कतर, मिस्र और तुर्की के मध्यस्थों को इस ऐतिहासिक और अभूतपूर्व घटना के लिए धन्यवाद दिया.**

इससे पहले व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए श्री ट्रम्प ने कहा कि वह सप्ताह के अंत में किसी समय मध्य पूर्व की यात्रा कर सकते हैं. इज़रायल और हमास ने सोमवार को मिस्र के लाल सागर स्थित शर्म अल-शेख रिसॉर्ट में गाजा युद्धविराम पर अप्रत्यक्ष बातचीत शुरू की.



### मोदी ने इजरायल-हमास शांति समझौते का किया स्वागत

**नयी दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिका और अन्य देशों की मध्यस्थता से इजरायल और हमास में हुए शांति समझौते का स्वागत किया. एक सोशल मीडिया पोस्ट में मोदी ने लिखा, हम राष्ट्रपति ट्रम्प की शांति योजना के पहले चरण पर बनी सहमति का स्वागत करते हैं. यह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सशक्त नेतृत्व का भी प्रतिबिंब है. हमें आशा है कि बंधकों की रिहाई और गाजा के लोगों को मानवीय सहायता में बढ़ोत्तरी से उन्हें राहत मिलेगी और स्थायी शांति का रास्ता साफ मार्ग प्रशस्त होगा.

# 19 अमेरिकी सांसदों ने ट्रम्प से कहा भारत पर लगे टैरिफ वापस लें

**वाशिंगटन, 09 अक्टूबर. अमेरिकी कांग्रेस के 19 सदस्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पत्र लिखकर उनसे भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है. सदस्य डेबोरा रॉस और रो खन्ना के नेतृत्व में इन सांसदों ने हाल ही में बढ़ाये गये आयात शुल्क को भी वापस लेने का भी आह्वान किया, क्योंकि इससे दोनों देशों के संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है.**

सांसदों ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन के भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क बढ़ाने के फैसले से भारतीय निर्माताओं को नुकसान तो हुआ ही है और साथ ही अमेरिकी आपूर्ति श्रृंखलायें भी प्रभावित हुई हैं. इस फैसले से अमेरिकी उपभोक्ताओं की जेब पर भी बोझ बढ़ा है. उन्होंने जोर देकर कहा कि इन कार्रवाइयों ने दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी पर भी असर डाला है.

सांसदों ने कहा कि हम कांग्रेस के सदस्य होने के नाते उन जिलों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग रहते हैं.






Visit us in **SATNA**: Badri Puram, Mukhtiyarganj - STAR AUTOMOBILES, 092899 22356